भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3170#
गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण पर्यटन

3170# श्री आदित्य प्रसाद:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ग्रामीण पर्यटन या कृषि पर्यटन से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए किसी योजना पर काम कर रही है ताकि स्थानीय लोगों को पर्यटन उद्योग में काम करने के अवसर मिल सकें;

(ख) यदि हां, तो झारखंड सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्योरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ग्रामीण या कृषि पर्यटन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं चला रही है ताकि महिला उद्यमिता और रोजगार के अवसर सृजित हो सकें?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय अपनी सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के तहत देश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में सरकारी संस्थानों और सूचीबद्ध कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से पर्यटन सेवा प्रदाताओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न अल्पावधिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है।

सीबीएसपी योजना के तहत संचालित कौशल/पुनः कौशल/कौशल विकास कार्यक्रमों में हुनर से रोजगार तक (एचएसआरटी), उद्यमिता कार्यक्रम (ईपी), कौशल परीक्षण और प्रमाणन (एसटी एंड सी) - मौजूदा सेवा प्रदाताओं के परीक्षण और प्रमाणन करने के लिए एक पुन: कौशल कार्यक्रम, पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम (टीएपी) आदि शामिल हैं।

*****